Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






# पंजाब में व्यापारियों के लिए नया भरोसा: व्यापारी आयोग से सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी हर समस्या — केजरीवाल



जलंधर, जून : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जालंधर में व्यापारियों, दुकानदारों और कारोबारियों के साथ संवाद करते हुए राज्य सरकार की व्यापार-हितैषी नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों को प्रमुखता से रखा। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि भगवंत मान सरकार छोटे व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से 'पंजाब राज्य व्यापारी आयोग' का गठन किया गया है।

केजरीवाल ने कहा कि छोटे व्यापारी राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन पिछली सरकारों ने उनकी समस्याओं की कभी गंभीरता से सुध नहीं ली। उन्होंने बताया कि व्यापारी आयोग राज्य, जिला और विधानसभा स्तर पर कार्य कर रहा है तथा बाजारों में जाकर व्यापारियों की समस्याएं एकत्र कर सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई जा रही हैं। वहां विशेष टीम इन समस्याओं के त्वरित समाधान की निगरानी करती है।

उन्होंने दावा किया कि पहले व्यापारियों और उद्योगपतियों को जबरन वसूली तथा भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने ऐसी प्रथाओं पर रोक लगाई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार गैंगस्टरों और नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है तथा कई अपराधियों को विदेशों से वापस लाकर कानून के दायरे में लाया गया है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब अब पारदर्शी, जवाबदेह और विकासोन्मुख शासन के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि चार साल पूरे होने के बाद जनता से सीधे फीडबैक लेना इस बात का प्रमाण है कि सरकार अपने कामकाज को लेकर आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को रोजगार सृजन का प्रमुख आधार मानते हुए सरकार उनके लिए बेहतर माहौल तैयार कर रही है।

मान ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि राज्य के लगभग 90 प्रतिशत परिवारों को मुफ्त बिजली मिल रही है, 67 हजार से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गई हैं और नहरी पानी की पहुंच 22 प्रतिशत से बढ़कर 80 प्रतिशत से अधिक हो गई है। उन्होंने सड़क सुरक्षा बल की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हजारों लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पारंपरिक राजनीतिक दलों के पास पंजाब के विकास के लिए कोई स्पष्ट दृष्टि नहीं है। उन्होंने दोहराया कि आम आदमी पार्टी की सरकार नफरत और विभाजन की राजनीति नहीं, बल्कि विकास, जनसेवा और जवाबदेही की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने लोगों से पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार का साथ देने की अपील की।

## 'गैंगस्टरों ते वार' के 145वें दिन पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 302 गिरफ्तार; नशा तस्करी के खिलाफ अभियान भी तेज



चंडीगढ़, 14 जून: पंजाब को अपराध और नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत पंजाब पुलिस ने शनिवार को राज्यभर में व्यापक कार्रवाई करते हुए गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। 'गैंगस्टरों ते वार' अभियान के 145वें दिन पुलिस टीमों ने पूरे पंजाब में चिन्हित 529 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

यह अभियान 20 जनवरी 2026 को डीजीपी गौरव यादव के नेतृत्व में शुरू किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। ताजा अभियान के दौरान पुलिस ने चार हथियार बरामद करते हुए 302 लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही इस विशेष अभियान के तहत अब तक कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 36,932 हो गई है।

कार्रवाई के दौरान 126 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कदम उठाए गए, जबकि पूछताछ के बाद दो लोगों को छोड़ दिया गया। पुलिस ने नौ घोषित भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## अमृतसर में नशा तस्करों पर पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने 30.045 किलोग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.041 किलोग्राम अतिरिक्त हेरोइन बरामद की है। जांच में सामने आया है कि आरोपी दुबई स्थित एक तस्कर के संपर्क में थे, जो सीमा पार से नशे की खेप भेजता था। पुलिस नेटवर्क के अन्य सदस्यों, हवाला लिंक और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत नया केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

## 'एक शाम शिव के नाम' में उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवंत मान सरकार ने दिया सामाजिक सद्भाव और धार्मिक सम्मान का संदेश

14 जून 2026: भगवान परशुराम जयंती के राज्य स्तरीय समारोह के अवसर पर जालंधर के साईं दास स्कूल मैदान में आयोजित भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम 'एक शाम शिव के नाम' में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, अनेक संत-महात्मा तथा समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए।

प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी ने भगवान शिव और भगवान परशुराम को समर्पित भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंजाब भर से आए लगभग 25 महान मंडलेश्वर संतों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

सभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने भगवान परशुराम जी को शास्त्र और शस्त्र के अद्भुत संगम का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन



अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम का संदेश किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक है। केजरीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार समाज में शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहली बार 2025 में भगवान परशुराम जयंती को राज्य स्तरीय आयोजन के रूप में मनाया और 2026 में हिंदू नववर्ष का भी भव्य राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया। इसके अलावा अमृतसर स्थित भगवान वाल्मीकि आश्रम के विकास कार्यों पर 25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब की पवित्र धरती पर हर प्रकार की तरक्की फल-फूल सकती है, लेकिन नफरत के बीज कभी नहीं उग सकते। उन्होंने कहा कि पंजाब की महान परंपरा सभी धर्मों और समुदायों को साथ लेकर चलने की रही है और यहां हर त्योहार मिल-जुलकर मनाया जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सभी धर्मों को समान सम्मान देती है। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के सफल आयोजन और आगामी श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व की तैयारियों का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के विस्तार की घोषणा करते हुए बताया कि अब श्रद्धालुओं को हरिद्वार, खाटू श्याम जी, सालासर बालाजी सहित कई प्रमुख धार्मिक स्थलों की निशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा।

## हिमाचल प्रदेश में डाक सेवा को नई उड़ान: मंडी जिले के दूरदराज क्षेत्रों तक ड्रोन से पहुंचेगी डाक



हिमाचल प्रदेश के दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में डाक सेवाओं को अधिक तेज, सुरक्षित और प्रभावी बनाने की दिशा में भारतीय डाक विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। डाक विभाग ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में ड्रोन आधारित डाक परिवहन सेवा का शुभारंभ किया है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य दूरस्थ और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों को बेहतर डाक एवं लॉजिस्टिक सेवाओं से जोड़ना है। यह कदम न केवल डाक वितरण प्रणाली को आधुनिक बनाएगा, बल्कि ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को भी समयबद्ध सेवाओं का लाभ प्रदान करेगा।

मंडी जिला हिमाचल प्रदेश के उन क्षेत्रों में शामिल है जहां कई गांव ऊंचे पहाड़ों, गहरी घाटियों और कठिन मार्गों के कारण सड़क संपर्क की चुनौतियों का सामना करते हैं। बरसात, बर्फबारी और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक परिस्थितियां अक्सर डाक वितरण में देरी का कारण बनती हैं। ऐसे में ड्रोन तकनीक का उपयोग डाक विभाग के लिए एक प्रभावी समाधान बनकर उभरा है। ड्रोन के माध्यम से पत्र, पार्सल, सरकारी दस्तावेज और अन्य आवश्यक सामग्री कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाई जा सकेगी।

इस सेवा के शुरू होने से उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा जहां पारंपरिक परिवहन साधनों के माध्यम से डाक पहुंचाने में कई घंटे या कभी-कभी पूरा दिन लग जाता था। ड्रोन तकनीक की सहायता से यह समय काफी कम हो जाएगा, जिससे नागरिकों को अधिक तेज और भरोसेमंद सेवाएं प्राप्त होंगी। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और आवश्यक दस्तावेजों की समय पर डिलीवरी भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

डाक विभाग का यह कदम भारत सरकार की डिजिटल और तकनीकी रूप से सशक्त भारत की परिकल्पना को भी मजबूत करता है। आधुनिक तकनीक को सार्वजनिक सेवाओं में शामिल करने से न केवल कार्यकुशलता बढ़ती है, बल्कि सेवा की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।ड्रोन आधारित डाक सेवा आपदा या आपातकालीन परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जब सड़क मार्ग बाधित हो जाते हैं।



herbegy™

Think pure think herbal

# PREMIUM SPICES RANGE

## Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

**For Dealer Inquiry Contact:**

**727-515-0015**


Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.